Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to set up an airport in Maharajganj Parliamentary Constituency,

श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल (महाराजगंज): आज हमारी सरकार उड़ान योजना के तहत हवाई मार्ग से यात्रा करने के लिए जनता को सुविधा देने के लिए संकल्पित है । ऐसे में हमारी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र महाराजगंज, बिहार जो बिहार राज्य के सारण प्रमंडल के तीन जिलों-सारण, सिवान और गोपालगंज के लगभग मध्य में है, के आस-पास एक हवाई अड्डा का निर्माण कराया जाये । यहाँ हवाई अड्डा का निर्माण होने से न सिर्फ सारण प्रमंडल के लोगों को ही हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी बल्कि यहाँ से पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया, सलेमपुर, देवरिया के साथ-साथ उत्तर बिहार के कई जिलों की जनता को भी हवाई यात्रा की सुविधा मिलेगी ।

अतः अपने देश के हवाई चप्पल वाले को भी हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के सपने को साकार करने हेतु नागरिक उड्यन मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र अतर्गत महाराजगंज, जिला-सिवान, बिहार के अगल-बगल में एक हवाई अड्डे का निर्माण कराया जाये जिससे कि हमारे क्षेत्र की जनता के साथ-साथ अन्य क्षेत्र की जनता को भी इसका लाभ मिल सके ।